मनी सेफ

मनी सेफ, HKMA और रिटेल बैंकों द्वारा व्यक्तिगत ग्राहकों के लिए शुरू किया गया एक धोखाधड़ी-रोकथाम टूल है। यह बैंक खाते के अंदर एक सेफ लगाने जैसा है। मनी सेफ आपकी जमा राशि पर एक अतिरिक्त सुरक्षा परत जोड़ता है, जिससे आपका पैसा धोखाधड़ी और स्कैम से सुरक्षित रहता है।

मनी सेफ सुरक्षा सक्रिय करना

- आप मनी सेफ सुरक्षा को बैंक शाखा, इंटरनेट बैंकिंग, या मोबाइल बैंकिंग ऐप के माध्यम से सक्रिय कर सकते हैं।

- मनी सेफ का उपयोग आप करंट अकाउंट, सेविंग्स अकाउंट और टाइम डिपॉज़िट अकाउंट में जमा राशि की सुरक्षा के लिए कर सकते हैं, चाहे वह हांग कांग डॉलर में हो या अन्य प्रमुख विदेशी मुद्राओं में (संयुक्त खाते भी शामिल हैं)।

- आप यह चुन सकते हैं कि मनी सेफ के तहत कितनी राशि सुरक्षित रखनी है।

- मनी सेफ से सुरक्षित धन पर लागू ब्याज और अन्य लाभ मिलते रहेंगे।

मनी सेफ सुरक्षा हटाना

- मनी सेफ से सुरक्षित फंड को ट्रांसफर किया या निकाला नहीं जा सकता। (उदाहरण के लिए, नकद निकालना, चेक पेमेंट, फंड ट्रांसफर, डायरेक्ट डेबिट ऑथराइज़ेशन, स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन से जुड़े लेनदेन, लोन या कार्ड भुगतान, बैंक फीस व शुल्क, आदि तब तक अनुमति नहीं होगी जब तक मनी सेफ हट नहीं जाता)।

- यदि आप मनी सेफ से सुरक्षित फंड को ट्रांसफर या निकालना चाहते हैं, तो आपको अपने बैंक जाकर सुरक्षा हटानी होगी। इस प्रक्रिया के दौरान बैंक आपके साथ फेस-टू-फेस एंटी-स्कैम (आमने – सामने धोखाधड़ी रोधी) सत्यापन करेगा, ताकि आपको यह सोचने

और दोबारा विचार करने का समय मिले कि कहीं आप किसी स्कैम के कारण फंड ट्रांसफर या निकाल तो नहीं रहे।

स्मार्ट टिप्स

क्या मैं मनी सेफ का उपयोग करने का पात्र हूँ?	मनी सेफ सभी बैंक ग्राहकों के लिए उपयुक्त है।
मैं मनी सेफ से कितनी राशि सुरक्षित कर सकता/सकती हूँ?	अपनी आवश्यकता के अनुसार कोई भी राशि। उदाहरण के लिए, आप उस राशि पर मनी सेफ का उपयोग कर सकते हैं जिसे आप निकट भविष्य में उपयोग नहीं करने वाले हैं, जैसे प्रॉपर्टी खरीदने की डाउन पेमेंट, बच्चों की शिक्षा, या शादी के लिए बचत। चूंकि मनी सेफ सुरक्षा हटाने के लिए आपको बैंक शाखा जाना होगा, इसलिए आपको सलाह दी जाती है कि दैनिक और आकस्मिक जरूरतों के लिए खाते में पर्याप्त राशि बनाए रखें, ताकि असुविधा न हो। कुछ बैंकों में सुरक्षित राशि के लिए HK$10,000 या उसके बराबर की न्यूनतम सीमा हो सकती है। आप इस व्यवस्था के लिए अपने बैंक से संपर्क कर सकते हैं।
मनी सेफ से सुरक्षित जमा राशि का उपयोग मैं कितनी जल्दी कर सकता/सकती हूँ?	जैसे ही आपका बैंक आपके साथ मनी सेफ सुरक्षा हटाने के लिए ज़रूरी एंटी-स्कैम सत्यापन प्रक्रिया पूरी कर लेता है। बैंकों को बिना किसी देरी के, और किसी भी हाल में 3 कार्यदिवस से ज़्यादा समय लिए बिना, मनी सेफ़ सुरक्षा को हटाने के लिए ग्राहक के अनुरोध को प्रोसेस करना ज़रूरी है। सटीक समय-सीमा के लिए अपने बैंक में पता करें।

यदि मैं बैंक शाखा नहीं जा सकता/सकती, तो क्या मनी सेफ सुरक्षा हटाने का कोई और तरीका है?	बैंक में फेस-टू-फेस एंटी-स्कैम सत्यापन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सुरक्षा हटाने से पहले आप यह विचार कर सकें कि कहीं आप फंड ट्रांसफर या निकालने के लिए स्कैम का शिकार तो नहीं हो रहे। विशेष परिस्थितियों में जब आप अपने बैंक नहीं जा पाते हैं, तो बैंक वैकल्पिक सत्यापन व्यवस्था का इंतज़ाम कर सकता है। आप इस इंतज़ाम के लिए अपने बैंक में पता कर सकते हैं।

अलग-अलग बैंकों में मनी सेफ से जुड़ी व्यवस्थाएँ अलग हो सकती हैं।

अधिक जानकारी के लिए तुरंत अपने बैंक से संपर्क करें।